प्रेषक,

अमित कुमार पाण्डेय,
अपर सत्र न्यायाधीश/रेप व पाक्सो ऐक्ट
कोर्ट संख्या-१,बहराइच।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा- जनपद न्यायाधीश,
बहराइच।

विषय- जंगम सम्पत्ति (Movable Property) Maruti Suzuki Nexa S-Cross Car (Petrol) के क्रय सम्बन्धी सूचना का प्रेषण।

महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सी.एल.नम्बर २५/एडमिन (ए) दिनांकित १३ जुलाई १९९८ के परिप्रेक्ष्य में सादर अवगत कराना है कि मेरे द्वारा दिनांक २५.१२.२०२० को भारतीय स्टेट बैंक,मुख्य शाखा (कोड-१५), बहराइच के ऋण सहयोग से मारूति सुजुकी Nexa के अधिकृत डीलर K T L आटो मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड से वाहन संख्या UP32-LU 5154 मारूति सुजुकी Nexa S-Cross (Petrol) कार क्रय किया गया है।

उपरोक्त सर्कुलर के परिप्रेक्ष्य में वांछित सूचनायें निम्नवत हैः-

१- न्यायिक सेवा में आने की तिथि	१५.०६.२००६
२(अ)-वर्तमान ग्रास सेलेरी	१,६३,१८९.००
२(ब)-टेक होम सेलेरी	१,२३,५३०.००

३- पूर्व में मेरे द्वारा कोई अचल सम्पत्ति क्रय नहीं किया गया है। चल सम्पत्ति में पूर्व में वर्ष २०१३ में मेरे द्वारा मारूति स्विफ्ट डिजायर(पेट्रोल) कार यू०पी०६२-ए एच/१०८० क्रय किया गया था जिसे नया वाहन मारूति सुजुकी S-Cross क्रय करने के समय ही मारूति के अधिकृत डीलर K T L आटो मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के True Value में विक्रय कर दिया गया है।

४- माननीय उच्च न्यायालय से पूर्व में मेरे द्वारा कोई ऋण नहीं किया गया है।

५- उपरोक्त वाहन की कुल कीमत ११,४८,५२८.००(ग्यारह लाख अड़तालिस हजार पाँच सौ अट्ठाइस रूपये) है। रूपये ६,५००००.००(छह लाख पचास हजार मात्र) का कार लोन भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा जनपद बहराइच से लिया गया है जोकि ७ वर्षों के लिए है जिसका प्रतिमाह इंस्टालमेन्ट मु०-१०१००.०० (दस हजार एक सौ रूपये मात्र) रूपये दिया जाना है। उक्त लोन भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा जनपद बहराइच द्वारा आर.टी.जी.एस. के माध्यम से K T L आटो मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के खाते में प्रेषित किया गया है।

६- सम्पत्ति विवरण	Maruti Suzuki Nexa S-Cross (Petrol) Car Model-Zeta
७- डीलर/विक्रेता का पूरा नाम व पता	K T L Automobile Pvt-Ltd Cyber Height,Vibhuti Khand Gomti Nagar Lucknow.

८– उक्त डीलर मारूति वाहन का अधिकृत डीलर है तथा नियमित एवं प्रतिष्ठित है।

९– मेरा उक्त डीलर अथवा विक्रेता से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही उक्त डीलर का कोई मुकदमा मेरे न्यायालय में लम्बित है और न ही मेरे द्वारा उक्त डीलर के किसी मुकदमें की कभी भी कोई सुनवाई की गयी है।

१०– वाहन का कुल मूल्य ११,४८,५२८.०० रूपये (ग्यारह लाख अड़तालिस हजार पाँच सौ अट्ठाइस रूपये) है। उक्त वाहन पर कुल ७५,९९९.००रूपये (पचहत्तर हजार नौ सौ निन्यानवे रूपये) का Discount दिया गया और पुराना वाहन (मारूति स्विफ्ट डिजायर कार) Exchange करने पर मु० २०,०००.००रूपये (बीस हजार रूपये) का Exchange Bonus दिया गया जिस कारण नये क्रय किये गये वाहन का कुल मूल्य १०,५२,५२९.०० रूपये (दस लाख बावन हजार पाँच सौ उन्नतीस रूपये) हुआ। वाहन क्रय किये जाने वास्ते कुल ६५००००/–रूपये (छह लाख पचास हजार रूपये) भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा जनपद बहराइच से बतौर कार ऋण लिया गया। कुल ११,०००/–रूपये का भुगतान चेक के माध्यम से बचत खाता संख्या ३०३६१९५४९०७ से किया गया और ४१,५००.०० रूपये (इक्तालीस हजार पाँच सौ रूपये) का भुगतान उपरोक्त बचत खाते से डेबिट कार्ड के माध्यम से किया गया। कुल ३,५०,०००.०० (तीन लाख पचास हजार रूपये) मेरे पुराने वाहन यू०पी० ६२–ए एच/१०८० (मारूति स्विफ्ट डिजायर कार) की कीमत True Value में लगायी गयी और उक्त धनराशि मु० ३,५०,०००.०० रूपये (तीन लाख पचास हजार रूपये) नये वाहन के कुल मूल्य में समायोजित किया गया।

मेरी वार्षिक आमदनी के सम्बन्ध में बिगत तीन वर्षों का फार्म १६,क्रय किये गये वाहन से सम्बन्धित सभी कागजात,लोन एग्रीमेन्ट तथा बचत खाता संख्या ३०३६१९५४९०७ के पासबुक की छाया प्रति संलग्न कर माननीय महोदय की सेवा में सूचनार्थ सादर प्रेषित है।

भवदीय,

Amit 29/1/21

(अमित कुमार पाण्डेय)

अपर सत्र न्यायाधीश/रेप व पाक्सो ऐक्ट

कोर्ट संख्या–१,बहराइच।

दिनांकः **२९.०१.२०२१**